>

Title: Need for dredging of river Panchane in Nalanda Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): मेरे संसदीय क्षेत्र नालन्दा में एक नदी पंचाने है जिससे खेतों की सिंचाई भी होती है। लेकिन अभी पंचाने नदी में गाद काफी भर गई है और यही हाल इसके सभी पइनों का है जिनसे भी सिंचाई होती है। फलस्वरूप बरसात में या फिर झारखंड राज्य में जब ज्यादा पानी आता है, नदी और पईन में गाद भर जाने से पाना, फसल लगी खेतों में घुस जाता है तथा गांवों में भी पानी चला जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि लाखों रूपये की फसल नष्ट हो जाती है, किसानों की कमर टूट जाती है, उनकी आर्थिक हालत दयनीय हो जाती है। इसका उपाय यहीं है कि पंचाने नदी और इसके सभी पईनों की सफाई का प्राक्कलन केन्द्रीय जल आयोग वहां जाकर तैयार करे एवं इस पर फिर तुंत अमल करे।

मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि सरकार तुंत इसको कार्यान्वित करवाने के लिए केन्द्रीय जल आयोग को आदेश निर्गत करे।